# केंद्र में भाजपा की सरकार है उत्तराखंड में भी बनानी है

**चुनावी सभा**

## राजनाथ सिंह बोले, भाजपा ही बचा सकती है उत्तराखंड की प्राकृतिक और धार्मिक विरासत



**संवाददाता**

बागेश्वर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने उत्तराखंड को अगल राज्य बनाया। उनका सपना है उत्तराखंड को आदर्श राज्य बनाने का था। जिसे भाजपा साकार कर रही है। प्राकृतिक और धार्मिक विरासत को केवल भाजपा ही बचा सकती है। केंद्र में भाजपा की सरकार है उत्तराखंड में भी बनानी है। तभी राज्य का चहुमुंखी विकास होगा।

शनिवार को कपकोट के केदारेश्वर मैदान पर चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि 14 फरवरी को 78 वां मतदान दिवस है। लोगों को शतप्रतिशत मतदान करना है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने उत्तराखंड को बनाया है। उस सरकार में वह भी मंत्री थे। उत्तर प्रदेश का विभाजन हुआ और तब वह संयुक्त मुख्यमंत्री थे। यह उनका भी सौभाग्य था। इतना ही नहीं राज्य को विशेष राज्य का दर्जा भी मिला।

2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता पर आए और राज्य लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 1951 में भारतीय जनसंघ के रूप में पहला चुनाव पार्टी ने लड़ा। घोषणा पत्र में कश्मीर से 370 हटाने का प्रस्ताव रखा गया था। जिसे भाजपा ने पूरा किया है। धार्मिक उत्पीड़न कम हुआ है। उत्पीड़न के कारण पाकिस्तान, बंगलादेश, अफगानिस्तान के लोगों को भी भारत की नागरिक देना का काम किया है अन्य दलों के कहने और करने पर अंतर है और वह भाजपा के लिए चुनौती है। भाजपा विचारधारा, दर्शन और कार्यक्रम है। राष्ट्र आगे बढ़े यह भाजपा का चरित्र है। जनता के प्रति संवेदनशील केवल भाजपा है। कांग्रेस ने जनता के आंखों में धूल झौंकने का काम किया है। उनके कार्यकाल में मंत्रियों पर भी भ्रष्टाचार के आरोप थे। मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल भी गए। लेकिन भाजप सरकार में किसी पर भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद एक चुनौती था। 2017 में पाकिस्तान के आतंकवादियों ने कश्मीर में हमला किया।

## पूरे देश में सबसे अधिक बेरोजगारी उत्तराखंड में है: प्रियंका गांधी



**संवाददाता** हल्द्वानी। उत्तराखंड में कुमाऊं मंडल में शनिवार को प्रियंका गांधी ने धुंआधार प्रचार किया। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी हल्द्वानी में उत्तराखंड स्वाभिमान रैली को संबोधित किया। प्रियंका ने जनसभा में कहा कि मेरी दादी का उत्तराखंड के गहरा रिश्ता रहा है। वह प्रकृति, पहाड़ व पहाड़ी संस्कृति के बारे में मुझे बताती थीं। तब से मेरा भी उत्तराखंड से नाता रहा है। मैं अभी मैं खटीमा से आई हूं। सड़कों की हालत देखकर मन दुखी हुआ। इंदिरा हृदयेश ने यहां के लिए काफी काम किया। उनके बेटे अब प्रत्याशी हैं। वह उसी तरह से काम करेंगे।

किसानों ने आंदोलन किया, उन्होंने सरकार की खराब नीतियों के खिलाफ अटल क्यों रहे। वह जानते हैं उन्हें इस कानून से कितना नुकसान होगा। बेरोजगारों को पिछले पांच सालों में नौकरी नहीं मिली। जबकि हरदा ने बताया कि राज्य के विभागों में कई पद खाली हैं, फिर भरे क्यों नहीं जा रहे। पूरे देश में सबसे अधिक बेरोजगारी उत्तराखंड में है। पलायन हो रहा, गांव खाली हो रहे। बड़े शहरों में यहां के हुनरमंद युवा काम कर है, क्योंकि उन्हें घर में काम नहीं मिल रहा। महंगाई चरम पर है। गैस सिलेंडर तक लोगों को नहीं मिल पा रहा है।



## छोटे बच्चों ने गुल्लक में पैसे इकट्ठे कर कांग्रेस प्रत्याशी को दिए

**संवाददाता** देहरादून। 14 फरवरी को उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं।चुनावी प्रचार प्रसार अंतिम चरण में आते ही सभी प्रत्याशियों ने जन समर्थन पाने की कोशिशें तेज कर दी है। इसी कड़ी में उत्तराखंड की सहसपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आर्येन्द्र शर्मा ने सहसपुर विधानसभा के अलग–अलग क्षेत्रों में जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान आर्येन्द्र शर्मा ने जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जिसमें से सबसे अहम शीशमबाड़ा कूड़ा घर की समस्या है. इसी के चलते कूड़ा घर के स्थानांतरण के लिये क्षेत्र के छोटे छोटे बच्चों ने गुल्लक में धन इकट्ठा कर आर्येन्द्र शर्मा को दिया। गौरतलब है कि स्थानीय निवासियों के बार–बार विरोध करने के बाद भी शीशमबाड़ा कूड़ा घर की समस्या का अब तक कोई समाधान नहीं निकाला गया है।

## हम 3 सीएम बदले या 30 उनको पीड़ा किस बात की

**संवाददाता** अल्मोड़ा। उत्तराखंड में आखिरी दिन भाजपा के स्टार प्रचारकों ने जमकर प्रचार किया। शनिवार को मोदी ऊधमसिंह नगर में, रविकिशन खटीमा में व राजनाथ सिंह ने पहाड़ के जिलों में प्रचार किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उत्तराखंड के लोगों के साथ भेदभाव किया है। बीजेपी ने उत्तराखंड राज्य बनाया। विशेष राज्य का दर्जा दिया। इसको कांग्रेस ने खत्म कर राज्य के लोगों से भेदभाव किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ही उत्तराखंड का विकास कर सकती है।

शनिवार को सल्ट विधानसभा के खेल मैदान देघाट में बीजेपी प्रत्याशी महेश जीना के समर्थन में राजनाथ सिंह ने जनसभा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वाले ये कहते हैं कि हमने पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदले। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि हम 3 मुख्यमंत्री बदले या 30 उनको पीड़ा किस बात की है। राजनाथ ने पूर्व विधायक स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह जीना के कार्यो को भी याद किया। कहा उनकी मौत के बाद पार्टी ने बहुत सोच समझ कर महेश जीना को प्रत्याशी बनाया।

कहा कि जीना बेहद ईमानदार और मेहनती हैं। कहा कि आज आप लोगों के बीच कई नेता आ रहे होंगे हो सकता है आपको कई तरह के आश्वासन दे रहे होंगे। उसको पूरा नही करते। किसी भी इंसान की सबसे बड़ी पूंजी उसका विस्वास होता है इसलिए बीजेपी जो कहती है वो उसे पूरा करती है। हमने धारा 370 हटाई। राम मंदिर बनाया।


